

02

श्रद्धालुओं के साथ बनभौरी धाम के लिए रवाना हुई पैदल ध्वज यात्रा

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

त्रिलोकचंद मोहना बने ब्राह्मण सभा फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 27 मार्च 2023 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | विक्रमी संवत 2080, अमांत-चैत्र, कृष्ण पक्ष षष्ठी, मूल्य, 2.00 रुपए


# स्वयंसेवकों ने अरावली के वनों का भ्रमण किया




**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन प्रातः काल में स्वयंसेवकों ने अरावली के वनों का भ्रमण किया। वहां होने वाली वनस्पति व पाए जाने वाले जीवों के बारे में जाना। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत का इस भ्रमण के पीछे उद्देश्य स्वयंसेवकों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना व विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक तंत्रों की जानकरी देना है। इस क्रम में अधिकारियों के साथ मिलकर स्वयंसेवकों ने पेड़ लगाए व जैविक खाद डाला। सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. बद्री बजाज ने वक्तितव विकास विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. बद्री ने व्यक्तिगम विकास के विभिन्न आयामों को विस्तार से उदाहरणों के माध्यम से समझाया। साथ ही एक सत्र में सरदार देवेंद्र सिंह, चेयरमैन सड़क सुरक्षा ओमनी फाउंडेशन ने सडक सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अपना संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि सडक पर वाहन चलाते सावधानियां बरतनी चाहिए व सडक सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। गौरतलब है इस विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं यह शिविर 29 मार्च तक चलेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत ने शिविर के कुशल संचालन के लिए शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा व डॉ. दुर्गेश शर्मा, सुभाष कैलोरिया, लवकेश, मनमोहन सिंगला, व शिविर से जुड़े सभी गैर-शिक्षक वर्ग की प्रसंशा की।